I-2778/10

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000


पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH P 741208





20 APR

## विक्रय–पत्र

### लेख पत्र का संक्षिप्त विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | भूमि का प्रकार | : | कृषि |
| 2. | परगना | : | मोहनलालगंज |
| 3. | ग्राम | : | मादरमऊ कला |
| 4. | सम्पत्ति का विवरण (सम्पत्ति नं०) | : | भूमि खसरा संख्या– 130 |

Abhishek

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

M 744939

30 MAR 20

-2-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | मापन की इकाई | : | हेक्टेअर |
| 6. | विक्रीत सम्पत्ति का क्षेत्रफल | : | 0.0785 हेक्टेअर |
| 7. | सम्पत्ति का प्रकार | : | कृषि |
| 8. | पेड़ों का मूल्यांकन | : | कुछ नहीं |
| 9. | बोरिंग / कुआं / अन्य | : | कुछ नहीं |
| 10. | प्रतिफल की धनराशि | : | रू0 50,000 / – |
| 11. | मालियत | : | रू0 94,200 / – |
| 12. | स्टाम्प | : | रू0 6,700 / – |

रामकुमार Abhishek

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

N 269943

07 APR 201



चौहद्दी

खसरा नं0– 130

| | | |
|---|---|---|
| पूरब | : | खसरा संख्या – 131 |
| पश्चिम | : | खसरा संख्या – 108 |
| उत्तर | : | खसरा संख्या – 129 |
| दक्षिण | : | खसरा संख्या – 108 |

Abhishek

रामकुमार

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 661701

29 APR 2010



प्रथम पक्ष की संख्या – 01 द्वितीय पक्ष की संख्या – 01

| विक्रेता का विवरण | : | क्रेता का विवरण |
|---|---|---|
| राम कुमार पुत्र श्री पिताम्बर निवासी– ग्राम माढरमऊ कला, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला– लखनऊ।<br>व्यवसाय– कृषि | : | अभिषेक पुत्र सर्वजीत, निवासी– ग्राम व पोस्ट– 347 कपेरा, मदारपुरा, मोहनलालगंज, लखनऊ।<br>व्यवसायः– कृषि। |

रामकुमार

Abhishek

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 661702

29 APR 2010

-5-

विक्रय विलेख

यह विक्रय विलेख राम कुमार पुत्र श्री पिताम्बर निवासी– ग्राम माढरमऊ कला, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला– लखनऊ, जिन्हें आगे विक्रेता कहा गया है, एवम् अभिषेक पुत्र सर्वजीत, निवासी– ग्राम व पोस्ट– 347 कपेरा, मदारपुरा, मोहनलालगंज, लखनऊ, जिन्हें आगे क्रेता कहा गया है, के मध्य निष्पादित किया गया।

रामकुमार Abhishek

यह कि विक्रेता भूमि खसरा संख्या– 130 कुल रकबा 0.4550 हेक्टेअर में से अपना हिस्सा यानि रकबा 0.0785 हेक्टेअर, स्थित– ग्राम माढरमऊ कला, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला– लखनऊ, का मालिक, कामिल व काबिज है तथा उपरोक्त सत्यापित षटवार्षिक खाता खतौनी क्र0 संख्या 00135 के अनुसार उक्त भूमि विक्रेता के नाम का अमल दरामद राजस्व अभिलेखों में हो गया है, उक्त भूमि विक्रेता को विरासत में मिली है विक्रेता अपना सम्पूर्ण हिस्सा अपने पूरे होशो हवास में बिना किसी जोर जबरदस्ती या दबाव के, क्रेता को इस विक्रय विलेख द्वारा विक्रय कर रहा है विक्रेता उपरोक्त सम्पूर्ण भूमि का मालिक, कामिल व काबिज है एवं वर्तमान समय में उक्त भूमि कृषि भूमि है, और यह कि विक्रेता यह घोषित करता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि सभी प्रकार के भारों से मुक्त एवं पाक व साफ है तथा विक्रेता ने उसे इस विक्रय के पूर्व कहीं बय, हिबा, गिरवी या अनुबन्धित इत्यादि नहीं किया गया है। उपरोक्त भूमि या उसका कोई भाग किसी न्यायालय या सरकारी कार्यवाही के अन्तर्गत विवाद का वस्तु विषय नही है, न ही कुर्क इत्यादि है। विक्रेता के अलावा उक्त भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का स्वत्व, हक या दावा इत्यादि नहीं है, एवं विक्रेता को उक्त विक्रय अन्तरण करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। अतएव उपरोक्त सहमति के फलस्वरूप रू0 50,000/– (रूपया पचास हजार मात्र) के प्रतिफल में जिसका कि उपरोक्त क्रेता द्वारा विक्रेता को इस विलेख के अन्त में दी गई अनुसूची में वर्णित विधि के अनुसार भुगतान कर दिया है एवं जिसकी प्राप्ति को विक्रेता यहाँ स्वीकार करता है, तदानुसार उक्त विक्रेता उक्त क्रेता के हाथ उपरोक्त वर्णित भूमि, जिसका विवरण इस विक्रय विलेख के अन्त में अनुसूची के अन्तर्गत दिया गया है, को कतई बेच दिया है, एवं विक्रेता ने विक्रय शुदा भूमि का मौके पर कब्जा क्रेता को बखूबी करा दिया गया है। अब उक्त आराजी पर विक्रेता तथा उसके वारिसान का कोई अधिकार नही है। विक्रेता ने विक्रयशुदा सम्पत्ति को अपने स्वामित्व के समस्त अधिकारों के साथ पूर्णतया व हमेशा के लिए क्रेता को हस्तान्तरित कर दिया है। अब क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति एवं उसके प्रत्येक भाग का अपने एकमात्र स्वामित्व व अधिकार व कब्जे में सम्पत्ति के रूप में धारण एवं उपयोग व उपभोग करेगा। विक्रेता उसमें किसी प्रकार की अड़चन बाधा नही

Abhishek

रामनुज मौर्य

डाल सकेगा एवं न ही कोई मांग कर सकेगा और यदि विक्रय शुदा सम्पत्ति अथवा कोई भाग विक्रेता के स्वामित्व में त्रुटि के कारण या कानूनी अड़चन या कानूनी त्रुटि के कारण क्रेता या उसके वारिसान निष्पादकगण इत्यादि के कब्जे या अधिकार या स्वत्व से निकल जाये तो क्रेता उसके वारिसान, निष्पादकगण इत्यादि को यह हक होगा कि वह अपना समस्त नुकसान मय हर्जा व खर्चा, विक्रेता की चल, अचल सम्पत्ति से जरिये अदालत वसूल कर ले। उस स्थित में विक्रेता एवं उसके वारिसान हर्जा व खर्चा देने हेतु बाध्य होगा।

यह कि क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति की दाखिल खारिज राजस्व अभिलेखो में अपने नाम दर्ज करा लें तो विक्रेता को कोई आपत्ति नही होगी और यह कि इस विक्रय विलेख के पूर्व का अगर कोई बकाया किसी तरह का भार इस सम्पत्ति पर होगा तो उसको विक्रेता भुगतान व वहन करेगा, विक्रेता को कोई आपत्ति न होगी।

यह कि उपरोक्त खसरा नम्बर ग्राम माढरमऊ कला, परगना व तहसील– मोहनलालगंज के **''अतिविशिष्ट ग्राम''** के अर्न्तगत आता हैं, जिसका निर्धारित सरकिल रेट रू0 12,00,000/– प्रति हेक्टेअर के हिसाब से विक्रीत भूमि 0.0785 हेक्टेअर की मालियत रू0– 94,200/– होती है, चूंकि भूमि की बाजारू मूल्य विक्रय मूल्य से अधिक है इसलिए नियमानुसार बाजारू मूल्य पर ही रू0 6,700/– जनरल स्टाम्प अदा किया जा रहा है। यह कि उपरोक्त विक्रीत भूमि कृषि के उपयोग के लिए क्रय की जा रही है। इस भूमि में कोई कुआं, तालाब, व निर्माण आदि नहीं है, तथा 200 मी0 के अर्धव्यास में कोई निर्माण नहीं है, विक्रीत भूमि किसी लिंक मार्ग, राजमार्ग व जनपदीय मार्ग पर स्थित नहीं है। विक्रीत भूमि सुल्तानपुर रोड से लगभग एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रेता एवं क्रेता दोनों अनुसूचित जाति के सदस्य है। इस विक्रय विलेख के निबन्धन का समस्त व्यय क्रेता द्वारा वहन किया गया है।

लिहाजा यह विक्रय विलेख विक्रेता ने क्रेता के पक्ष में लिख दिया ताकि सनद रहे और आवश्यकता पड़ने पर काम आवे।

रामकुमार Abhishek

विक्रय पत्र

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 50,000.00/ | 94,200.00 | 950.00 | 20 | 970.00 | 1,000 |
| प्रतिफल | मालियत | फीस रजिस्ट्री | नकल व प्रति शुल्क | योग | शब्द लगभग |

श्री राम कुमार

पुत्र श्री पिताम्बर

व्यवसाय कृषि

निवासी स्थायी ग्राम गाढरमऊ कला प.त.मोहनलालगंज जि-लखनऊ

अस्थायी पता

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनांक 10/5/2010 समय 7:36PM

बजे निबन्धन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अर्पिता शर्मा पाण्डेय
उ.नि.मोहनलालगंज
लखनऊ
10/5/2010

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमून व प्राप्त धनराशि रू. पलेखानुसार उक्त

विक्रेता

श्री राम कुमार
पुत्र श्री पिताम्बर
पेशा कृषि
निवासी ग्राम गाढरमऊ कला प.त.मोहनलालगंज
जि-लखनऊ

क्रेता

अभिषेक
सर्वजीत
पेशा व्यापार
निवासी 347 कपेरा मदारपुर मोहनलालगंज लखनऊ

ने निष्पादन स्वीकार किया ।

जिनकी पहचान राम स्वरुप

रामदीन

पेशा कृषि

निवासी नवीखेड़ा मोहनलालगंज लखनऊ

व श्री सुरेश वर्मा

पुत्र श्री राम प्रसाद

पेशा व्यापार

निवासी गंगासागर काम्पलेक्स नरही लखनऊ

ने की।

प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिये गये है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अर्पिता शर्मा पाण्डेय
उ.नि.मोहनलालगंज
लखनऊ

## परिशिष्टः विवरण विक्रय शुदा सम्पत्ति का विवरण

भूमि खसरा संख्या – 130 कुल रकबा 0.4550 हेक्टेअर में से अपना हिस्सा यानि रकबा 0.0785 हेक्टेअर, स्थित– ग्राम माढरमऊ कला, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला– लखनऊ।

## परिशिष्टः भुगतान विवरण

रू0 50,000/– (रूपया पचास हजार मात्र) जरिये चेक संख्या– 363345 दिनांकित 07.05.2010 पंजाब नेशनल बैंक, शाखा हजरतगंज लखनऊ विक्रेता को क्रेता से प्राप्त हुए ।

इस प्रकार कुल विक्रय मूल्य रू0 50,000/– (रूपया पचास हजार मात्र) विक्रेता ने क्रेता से प्राप्त किये तथा जिसकी प्राप्ति विक्रेता स्वीकार करता है।

नोटः– भुगतान के विवरण में चेक संख्या व पृष्ठ संख्या पेन से लिखी गयी है।

लखनऊ।

दिनांकः– 07.05.2010

गवाह

1. रामाधार पुत्र ... 
ग्राम – नवीखेड़ा मोहनलालगंज 
लखनऊ

विक्रेता

2. ... 

क्रेता

टाईपकर्ता

(हसीना जैदी)

मसविदाकर्ता

(अजय कुमार)

एडवोकेट

विक्रेता

Registration No.: 2778 Year : 2,010 Book No. : 1

0101 राम कुमार

पिताम्बर

ग्राम गाढरमऊ कला प.त.मोहनलालगंज जि-लखनऊ

कृषि






# नक्सा नजरी

ग्राम– मोह० मे३० कॉकोर

खसरा संख्या– 130

विक्रेता राम कुमार

क्रेता अभिषेक




रामकुमार
विक्रेता

Abhishek
क्रेता

क्रेता

Registration No. : 2778 Year : 2,010 Book No. : 1

0201 अभिषेक

सर्वजीत

347 कपेरा मदारपुर मोहनलालगंज लखनऊ

व्यापार






रजिस्ट्रेशन अधिनियम-1908 की धारा 32-ए, के अनुपालन हेतु


फिंगर्स प्रिन्टस्

विक्रेता का नाम व पता- राम कुमार पुत्र पीताम्बर निवासी मादरमऊ कला

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-




रामकुमार

हस्ताक्षर विक्रेता


क्रेता का नाम व पता-

अभिषेक पुत्र सर्वजीत निवासी 347, कपेरा मदारपुर पोस्ट केवली।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



Abhishek

हस्ताक्षर क्रेता

आज दिनांक 10/05/2010 को

वही सं. 1 जिल्द सं. 2141

पृष्ठ सं. 61 से 80 पर क्रमांक 2778

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अर्पिता शर्मा पाण्डेय

उ.नि.मोहनलालगंज

लखनऊ

10/5/2010